Hiralal Mazumdar Memorial College for Women
LIBRARY
Dakshineswar, Kolkata-35

Hiralal Mazumdar Memorial College for Women
LIBRARY
Dakshineswar, Kolkata-35

WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A./B.Com. Programme 3rd Semester Examination, 2022-23

HINLCOR01T-HINDI (MIL)

हिन्दी भाषा और साहित्य

Time Allotted: 2 Hours

Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5 = 5

(क) खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम कवि कौन है ?

(ख) 'सूरदास' के गुरु कौन थे ?

(ग) 'कबीर' शीर्षक पुस्तक का प्रकाशन वर्ष बताइए।

(घ) ''कहत नटत रीझत खिझत मिलत खिलत लजियात।
भरे भौन मैं करत है नैननु ही सब बात।।''– इस दोहे में निहित अलंकार का नाम लिखिए।

(ङ) भूषण किसके दरबारी कवि थे ?

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5×3 = 15

(क) ''यह तन विष की बेलरी, गुरु अमृत की खान।
सीस दिये जो गुरु मिलै, तो भी सस्ता जान।।''

(ख) ''मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोय।
जा तन की झाँई परैं, स्यामु हरित दुति होय।।''

(ग) मैया मैं नहीं माखन खायौ।।
ख्याल परै ये सखा सबै मिलि, मेरे मुख लपटायौ।।
देखि तुहीं सींके पर भाजन, ऊँचै धरि लटकायौ।।
हौं जु कहत नान्हे कर आपनैं मैं कैसें करि पायौ।।
मुख दधि पोंछि, बुद्धि इक कीन्हीं, दोना पीठि दुरायौ।
डारि साँटि, मुसुकाइ जसोदा, स्यामहिं कंठ लगायौ।।

(घ) ''कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माँहि।
ऐसे घटि-घटि राम हैं, दुनियाँ देखै नाँहि।।''

(ङ) साजि चतुरंग सैन अंग में उमंग धरि,
सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत है।
भूषण भनत नाद बिहद नगारन के,
नदी-नद मद गैबरन के रलत है।''

3. आधुनिक भारतीय भाषाओं का सामान्य परिचय दीजिए। 15

अथवा

''कबीर वाणी के डिक्टेटर थे''– इस कथन के आधार पर कबीर की भाषा का मूल्यांकन कीजिए।

4. ''बिहारी के काव्य में श्रृंगार रस की प्रचुरता है।''– इस कथन का विवेचन कीजिए। 15

अथवा

भूषण की राष्ट्रीय चेतना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

——×——